# हिंदी विश्वविद्यालय में रक्तदान शिबिर का आयोजन

वर्धा, 27 फरवरी 2025 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में गुरुवार, 27 फरवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर के स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में धन्वतरि चिकित्सालय में रक्तदान शिबिर का आयोजन किया गया जिसमें 40 से अधिक अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी तथा विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन कुलपति प्रो कृष्ण कुमार सिंह ने फीता काट कर तथा स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर के फोटो पर पुष्प अर्पित कर किया । इस अवसर पर कुलसचिव प्रो आनन्द पाटील, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ बालाजी चिरडे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ हेमचंद्र ससाने, डॉ शिवसिंह बघेल, डॉ हेमंत धामट, जनसंपर्क अधिकारी बी एस मिरगे प्रमुखता से उपस्थित रहे। डॉ हेडगेवार रक्त केंद्र नागपुर की ओर से रक्त संकलित किया गया इस अवसर पर रक्तदाताओं को अभिनंदन पत्र दिया गया। रक्तदान शिविर में डॉक्टर हेडगेवार रक्त केंद्र के अनिल परमाळे, अंजलि नागराळे, ज्योति घेर, धनश्री झगड़े, जान्हवी राऊत, नैना ठोम्बेरे, गीता मेश्राम व उमेश ओंकार ने सहयोग किया।



महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी
वर्धा (महाराष्ट्र)
राष्ट्रीय सेवा योजना
की ओर से


